गतिविधि 11. *अभिभावक बच्चों से तुकांत शब्दों का मिलान करवाएँ और बच्चों की मदद करें।*

आम	सिखाना
टोकरी	नाम
दिखाना	सही
नहीं	चूसना
पूछना	छोकरी

गतिविधि 12 . *नीचे एक पहेली दी गई है जिसमे बाएं से दाएं कुछ फलों के नाम छिपे हुए हैं उन फलों के नाम ढूँढकर आगे खाली जगह में लिखवाएँ। लिखने हेतु अभिभावक बच्चों को प्रोत्साहित भी करें।*

आ	म	आ	डू	.....आम.....
ल	अं	गू	र	....
अ	ना	र	उ	....
से	ब	के	ला	....
अ	म	रू	द	....

गतिविधि 11. *नीचे एक वाक्य दिया गया है। अभिभावक बच्चों को इस वाक्य को बार– बार दोहराने का अभ्यास करने को कहें।*

पके पेड़ पर पका पपीता
पका पेड़ या पका पपीता
पके पेड़ को पकड़े पिंकू
पिंकू पकड़े पका पपीता

गतिविधि 12. *बच्चे अपने मनपसंद किसी फल का चित्र बनायें और रंग भरें।*

शिक्षकों के नाम –
श्रीमती मुन्नी ओली, श्री दिनेश डंगवाल,
श्री अजय तिवारी, श्री सतपाल सिंह
विकास खंड – बागेश्वर

तकनीकी सहयोग
– रूम टू रीड इण्डिया ट्रस्ट

शिक्षा का अधिकार
समग्र शिक्षा
सबको शिक्षा, अच्छी शिक्षा

Room to Read

कक्षा- 1, वर्क शीट- 3 (साप्ताहिक)

पाठ– 3 (आम की टोकरी)

बच्चे का नाम..........................	स्कूल..
अभिभावक का नाम..................	मोबाइल नम्बर.............................

अभिभावकों के लिए– हम आशा करते हैं कि आप या घर का कोई भी सदस्य इस वर्क शीट के कार्य को पूरा करने में बच्चे की मदद करेंगे।

गतिविधि 1. अभिभावकों के लिए – *अभिभावक बच्चों को चित्र दिखाते हुए बच्चों से पूछें कि चित्र में क्या दिखाई दे रहा है? कौन–कौन से फल हैं? इनमें से आपने किन–किन फलों के पेड़ अपने आस–पास देखें हैं। आपको कौन–सा फल सबसे ज्यादा पसंद है। और क्यों? आपके आस–पास कौन–कौन से फल होते हैं?*

गतिविधि 2. *अभिभावक बच्चों से 'आ' तथा 'क' की आवाजों से शुरू होने वाले चित्रों की पहचान कराएं और नीचे दिए गए बॉक्स पर सही चित्र पर सही (√)का निशान लगवाएं।*

गतिविधि 3. *अभिभावक बच्चों से सही क्रम से 'आ' तथा 'क' लिखवाएँ।*

आ	....	क	....
	....		....
	....		....

गतिविधि 4. *नीचे कुछ शब्द लिखे गए हैं। अभिभावक बच्चों को नीचे 'आ' और 'क' वर्णो पर गोला लगाने को कहें। तथा आवश्यकतानुसार बच्चों की मदद भी करें।*

आस, कबूतर, आम, कमल, आरी, कबीर, आराम, कमल

गतिविधि 5. *अभिभावक बच्चों को कविता में आए शब्दों के अर्थ बताएं और वाक्य में प्रयोग करके दिखाएँ। बच्चों से भी वाक्य प्रयोग कराएं और आवश्यकतानुसार मदद करें।*

शब्द		अर्थ	वाक्य प्रयोग
टोकरी	–	फल व सब्जी रखने की वस्तु	– कल मै टोकरी मै आम भरकर लाया
छोकरी	–	लड़की	– ....
दाम	–	क़ीमत	– ....

गतिविधि 6. *अभिभावक बच्चों को नीचे दिए गई कविता को हावभाव के साथ पढ़कर सुनाएं। तथा बच्चों को भी अपने साथ कविता का दोहराव करने के लिए प्रोत्साहित करें।*

कविता – आम की टोकरी

छह साल की छोकरी
भरकर लाई टोकरी
टोकरी में आम है
नही बताती दाम है
दिखा दिखाकर टोकरी
हमें बुलाती छोकरी
हमको देती आम है
नही बुलाती नाम है
नाम नही अब पूछना
हमें आम है चूसना।

गतिविधि 7. *अभिभावक बच्चों से नीचे दिए गए प्रश्न मौखिक रूप से पूछें व जवाब देने के लिए उन्हें प्रोत्साहित करें।*

प्रश्न 1 – *लड़की कितने साल की है?*
प्रश्न 2 – *लड़की की टोकरी में क्या है?*
प्रश्न 3 – *आपके पास बहुत सारे आम हों आप उन्हें टोकरी के अलावा किसमे भरकर घर ले जा सकते हो?*

गतिविधि 8. *अभिभावक नीचे दिए गए वाक्यों को पढ़कर बच्चों को सुनाएँ और प्रश्नो को पूछें। तथा बच्चों को भी पढ़ने के लिए प्रोत्साहित भी करें।*

राम के काका आए। काका एक केक लाए। केक आम का है। राम को केक लेना है।

प्रश्न 1– *क्या राम के मामा आए?*
प्रश्न 2– *काका क्या लेकर आए?*
प्रश्न 3– *केक किसका है?*

गतिविधि 9. *नीचे दिए गए चित्र पर अभिभावक बच्चों से खूब सारी बातचीत करें। जैसे– चित्र में क्या दिख रहा है? ये क्या कर रहे होंगे? पौधे में पानी क्यों डालना जरूरी है? आपके घर में या आस पास कौन–कौन से फूल के पौधे हैं?*

गतिविधि 10. *अभिभावक बच्चों से नीचे दिए गए चित्रों में चार अंतर खोज कर गोला लगाने को कहें।*